# हाईकोर्ट में आदर्श सोसाइटी के निवेशकों की सुनवाई के बाद पैसे मिलने की आस जगी

## कोर्ट ने नब्बे दिन में नियुक्त लिक्विडेटर को निपटारे के आदेश दिए हैं

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने आज आदर्श के्रडिट कॉपरेटिव सोसायटी से जुड़े निवेशकों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उसे निपटाने के आदेश नियुक्त लिक्विडेटर को दिए हैं । ऐसे में अब निवेशकों को उनकी डूबी रकम मिलने के आसार नजर आने लगे हैं।

उच्च न्यायालय ने देश के सबसे बड़े को-ऑपरेटिव घोटाले में अपनी जमा पूंजी लुटा चुके सैकड़ों निवेशकों को राहत प्रदान की है। राजस्थान हाईकोर्ट ने संभवतया अब तक की सबसे बड़ी 1573 निवेशकों की याचिका का निस्तारण करते हुए इस मामले में नियुक्त लिक्विडेटर को इन निवेशकों का मामला नब्बे दिन में निपटाने का आदेश दिया।

बता दें कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने कुछ दिन पूर्व संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के निवेशकों को इसी प्रकार राहत प्रदान की थी। अब उसी तर्ज पर आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी के 1573 निवेशकों को राहत प्रदान की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीस दिनेश मेहता के समक्ष 1573 निवेशकों की तरफ से एडवोकेट गिरीश सांखला ने याचिका पेश कर बताया कि इन लोगों ने आदर्श क्रेडिट को्ॅपरेटिव सोसायटी में निवेश किया था।

घोटाले के बाद यह सोसायटी बंद हो गई। इसके बाद निवेशकों की पूंजी अटक गई। जबकि सरकार इस मामले में लिक्विडेटर नियुक्त कर चुकी है ताकि निवेशकों का पैसा लौटाया जा सके। लेकिन बार-बार आग्रह करने के बावजूद लिक्विडेटर की तरफ से इन निवेशकों के मामले का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। जबकि कुछ अन्य निवेशकों को उनकी राशि का भुगतान कर दिया गया। न्यायाधीश दिनेश मेहता ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद लिक्विडेटर को आदेश दिया कि इन लोगों से जुड़े मामले का नब्बे दिन के भीतर समाधान किया जाए ।

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने राजस्थान की ऐसी 3 क्रेडिट सोसाइटियों आदर्श, संजीवनी और नवजीवन क्रेडिट सोसाइटी के खिलाफ कुल 96 हजार पेज की चार्जशीट पेश कर रखी है। इन तीन सोसायटी के संचालकों ने करीब सत्रह हजार करोड़ रुपए का घोटाला किया। इनमें से सबसे बड़ा 14682 करोड़ का घोटाला आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी का है जबकि संजीवनी में 1100 करोड़ व नवजीवन में पांच सौ करोड़ रुपए का घोटाला किया गया।

आदर्श क्रेडिट सोसाइटी ने 28 राज्यों में 806 शाखाएं खोलीं, इनमें से 309 राजस्थान में थी। लोगों को झांसा दिया कि उनकी निवेश की हुई रकम कंपनियों व लोगों को रकम की ऊंची ब्याज दर पर लोन के रूप में दिया जा रहा है मगर निवेशकों की रकम घोटाले के चलते फंस गई।

# खाद लेने के लिए घंटों लाइन में लगे रहे किसान

## कोऑपरेटिव सहकारी समिति में खाद आने की सूचना पर किसानों की लगी लाइन




को ऑपरेटिव समिति के सामने यूरिया खाद के लिए लगी भीड़।

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा के कोऑपरेटिव सहकारी समिति कार्यालय में यूरिया खाद वितरण की खबर लगते ही किसानों की लंबी कतार लग गई।

लोगों की भीड़ को देखते हुए कोऑपरेटिव सहकारी समिति व कृषि विभाग द्वारा खाद वितरण किया गया। जहां खाद लेने के लिए किसान घंटों तक लाइन में लगे रहे। खाद का यह वितरण दोपहर 2.30 बजे तक चला। सहायक कृषि अधिकारी ओम भारती ने बताया कि खाद पाने के लिए किसानों में आपाधापी देखकर लाइन में लगवाकर खाद का वितरण कराया।

प्रत्येक किसान को एक आधार कार्ड पर दो बैग यूरिया का वितरण किया गया। जिससे सभी लोगों को पर्याप्त मात्रा में कृषि कार्यों के लिए खाद उपलब्ध हो सके। कोऑपरेटिव सहकारी समिति पावटा मैनेजर कैलाश चंद व लोन सुपरवाईजर सीताराम सैनी ने बताया कि शाहपुरा क्रय विक्रय सहकारी समिति से प्राप्त 360 कट्टे व कोऑपरेटिव सहकारी समिति पावटा से 350 कट्टे कुल 710 यूरिया खाद के कट्टे किसानों को बांटे गए। इस मौके पर कृषि पर्यवेक्षक रमेश भारद्वाज, कृषि पर्यवेक्षक कैलाश चंद गुर्जर उपस्थित रहे।

# पचेरी कलां में नाजिरियन स्टूडेंट्स की दबंगई!



पुलिस से उलझते नाइजीरियन स्टूडेंटस ।

- सेल्फी की बात पर कर डाली दुकानदार से मारपीट
- स्टूडेंट्स ने पुलिस और मीडियाकर्मियों के साथ भी बदतमीजी की

**पचेरी कलां, (निसं)।** झुंझुनूं के पचेरी कलां में बीच बाजार में नाजिरियन स्टूडेंट्स ने जमकर बवाल मचाया। दरअसल एक दुकान पर एक बच्चे ने नाइजिरियन स्टूडेंट्स के साथ बिना पूछे सेल्फी ले ली। जिससे ये छात्र गुस्से में आ गए और मारपीट करना शुरू कर दिया। जब छात्रों के इस गुस्से से डरे हुए व्यक्ति ने पुलिस को फोन मिलाया तो उसका भी फोन छीनकर फेंक दिया। देखते ही देखते बाजार में भीड़ हो गई।

नाइजिरियन स्टूडेंट्स ने मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी जमकर बदतमीजी की। उन्होंने मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों के साथ भी बदतमीजी की। इसके बाद पुलिस चारों नाइजिरियन स्टूडेट्स व दुकानदार को थाने लेकर पहुंची । जहां पर सभी को समझाइश के बाद छोड़ दिया गया लेकिन करीब आधे घंटे तक पचेरी के बाजार में ये स्टूडेंट्स हंगामा करते रहे। ये सभी पचेरी कलां में संचालित सिंघानिया यूनिवर्सिटी के छात्र हैं।

## नशीली गोलियां रखने वाले को 11 साल की सजा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** नशीली गोलियां रखने के साढ़े तीन साल पुराने मामले में मंगलवार को एडीजे कोर्ट ने एक आरोपी को ग्यारह साल कठोर कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही एक लाख 11 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया। आरोपी को मुकलावा थाना क्षेत्र में नशे की गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में सुनवाई और सभी तथ्यों को जांचने के बाद फैसला सुनाया गया। एडीजे सुरेंद्र खरे की अदालत ने नशीली गोलियां अवैध रूप से रखने के आरोपी को दोषी करार देते हुए 11 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख ग्यारह हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। मुकलावा थाना प्रभारी सुरेंद्र राणा ने पदमपुर इलाके के गांव 26 बीबी निवासी आरोपी रविंद्र उर्फ मोनू पुत्र गोपी राम मेघवाल को मुकलावा थाना क्षेत्र के गांव 14 एनपी करड़वाली से नशीली गोलियों सहित पकड़ा था। उसके पास 1960 गोलियां मिली थी। आरोपी के पास इन गोलियों को रखने से संबंधित कोई लाइसेंस भी नहीं था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच समेजा थाना प्रभारी को सौंपी थी। जांच अधिकारी ने मामले में जांच कर आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मंगलवार को दिए फैसले में आरोपी रविंद्र उर्फ मोनू को 11 वर्ष कठोर कैद और एक लाख ग्यारह हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# रेजीडेंट डॉक्टर्स ने ओपीडी का दूसरे दिन भी बहिष्कार किया

- हड़ताल से ओपीडी के साथ आईपीडी के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज से संबंधित अस्पतालों में कार्यरत रेजीडेंट डॉक्टर्स का मंगलवार को ओपीडी में कार्य का बहिष्कार जारी रहा। मगर उनकी मांगे नहीं मानी गई। मरीजों की देखभाल का जिम्मा सीनियर्स डॉक्टर ने संभाला है। आगे कार्य बहिष्कार को लेकर ऑल इंडिया के पदाधिकारियों का निर्णय रहेगा। नीट की काउंसलिंग को लेकर डॉ एस एन मेडिकल कॉलेज से संबधित अस्पतालों में रेजिडेंट की हड़ताल का दूसरा दिन रहा। रेजिडेंट डॉक्टर्स ने आईपीडी के कार्यो का बहिष्कार किया। अब ओपीडी के साथ आईपीडी के कार्य भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि अस्पतालों की ओपीडी का मोर्चा सीनियर डॉक्टर्स ने संभाल रखा है। मंगलवार को आईपीडी में भी ज्यादा जरुरत होने पर रेजिडेंट मौजूद रहे।

**मरीजों की संख्या कम देखी गई:** कार्य बहिष्कार के चलते ओपीडी में मरीज की संख्या थोड़ी कम नजर आई। सोमवार को इलाज के लिए आए मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा ऐसे में ओपीडी में मंगलवार को मरीज कम दिखे। महात्मा गांधी अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या कम नजर आई। हालांकि ओपीडी में सीनियर डॉक्टर्स उपस्थित थे लेकिन मरीज हमेशा से कम नजर आए। वहीं मथुरा दास माथुर अस्पताल में अधीक्षक स्वयं ओपीडी में मरीजों से परामर्श करते नजर आए।

**वार्ड में भर्ती मरीज हुए परेशान:** रेजिडेंट डॉक्टर्स ने वार्डो में भी मरीजों को नहीं संभाला, ऐसे में मरीजों को खासी परेशानी हुई। अस्पताल के वार्ड रेजिडेंट डॉक्टर्स के अधीन ही रहते है। वार्डो की अधिकांश व्यवस्था रेजिडेंट संभालते है ऐसे में वार्डो के मरीज बिना डॉक्टर के परेशान हुए। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सेदीप देवात के अनुसार आईपीडी के कार्यो का बहिष्कार किया गया। ओपीडी व वाडों में रेजिडेंट नहीं गए। उन्होंने कहा कि हड़ताल आगे जारी रखने के संबंध में ऑल इंडिया के पदाधिकारियों का निर्णय रहेगा।

## डिस्कॉम ने काटे 60 जनों के कनैक्शन

**बयाना ।** डिस्कॉम की ओर से विद्युत निगम की बकाया राशि की वसूली के लिए गठित की गई। टीम की ओर से अब बकाएदार उपभोक्ताओं से डोरटूडोर सम्पर्क कर बकाया राशि जमा नही कराने पर विद्युत कनैक्शन काटने के साथ ही ट्रांसफार्मरों को भी हटाने की कार्रवाही की जा रही है। सहायक अभियंता विवेक शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से एमनेस्टी योजना में बकाया राशि में बडे पैमाने पर रियायत देते हुए यह राशि जमा कराने की छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि गांव खेडलीगडासिया, बरखेडा, बाजौली, ऐंचोली, लहचौरा कलां, बांसरौली, वीरमपुरा, महमदपुरा, सामरी व थानाडांग, एवं कस्बा बयाना में ऐसे बकाएदारों की ओर से राषि जमा नही कराने पर 60 जनों के विद्युत कनैक्शन काटने व विधुत ट्रांसफार्मरों को हटाने की कार्रवाही की गई है। इन 60 उपभोक्ताओं की ओर विद्युत निगम का करीब 10 लाख रूपया बकाया बताया है।

# ग्यारह साल की बच्ची से दुष्कर्म

- बच्ची पास ही अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी उठा ले गया आरोपी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** मां के साथ शादी में शामिल होने आई एक ग्यारह साल की बच्ची से सोमवार रात दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस संबंध में मंगलवार को पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विवाह समारोह में आए लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस मामले में पुलिस के हाथ अब तक को पुख्ता सुबूत नहीं लगा है।

गांव 11 पी पतरोड़ा में मंगलवार को विवाह समारोह था। विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गांव सोलह पीटीडी की महिला आई थी। सोमवार रात परिवार में गीत संगीत का कार्यक्रम था। परिवार के सभी लोग डांस और म्यूजिक का मजा ले रहे थे। इस दौरान बच्ची पास ही अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी। अज्ञात व्यक्ति आया और बच्ची को उठा ले गया । बच्ची की सहेलियों ने शोर मचाया लेकिन इसके बावजूद आरोपी बच्ची को उठा ले जाने में सफल हो गया। बच्ची की सहेलियां पास ही मौजूद परिवार के लोगों के पास गई और घटना की जानकारी दी। इस पर परिवार के लोगों ने बच्ची की तलाश शुरू की। काफी ढूंढने के बाद देर रात बच्ची पास ही बने खेत के खाले में पड़ी मिली । उसने रोते हुए परिजनों को घटना की जानकारी दी।

एसएचओ फूलचंद शर्मा ने बताया कि सोमवार देर रात गांव 11 पी पतरोड़ा में ग्यारह साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। इस मामले में जांच महिला अपराध निवारण के डीएसपी नरेंद्र पूनिया को सौंपी गई है। विवाह समारोह की वीडियो रिकॉर्डिंग आदि की जांच की जा रही है।

## बाइक सवार महिला की मौत

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर थाना क्षेत्र के जयपुर-अलवर सड़क मार्ग पर विराटनगर बिजली ग्रिड के पास राजस्थान रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक पुरुष व एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें विराट नगर थाना पुलिस व ग्रामीणों की सहायता से तुरंत विराटनगर सीएससी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क मार्ग को जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही विराटनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित लोगों को समझा कर सडक मार्ग को खुलवाया गया। वहीं ग्रामीणों ने हादसे का कारण दोनों तरफ डिवाइडर नहीं होना बताया जा रहा है।

# बीकानेर में एक और कोरोना पॉजिटिव

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर में कोरोना रोगियों का ग्राफ एक बार फिर बढ़ता जा रहा है। मंगलवार सुबह की रिपोर्ट में एक 55 वर्षीय पुरुष की आरटीसीपीआर रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जो जस्सूसर गेट क्षेत्र में धर्मकांटा के पास रहता है । इसके साथ ही जिले में एक्टिव केस की संख्या बढ़ कर पंद्रह तक पहुंच गई है। एक रोगी अभी भी पीबीएम अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है।

कोरोना प्रभारी डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि कोरोना रोगी लगातार बढ़ रहे हैं। जस्सूसर गेट पर रहने वाले जिस शख्स ने कल अपनी जांच करवाई थी, वो पॉजिटिव है। इसके अलावा पांच सौ से ज्यादा रिपोर्ट नेगेटिव भी आई है। जिले में आने वाले यात्रियों की कोरोना जांच की जा रही है। बीकानेर और लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर लगातार कोविड जांच हो रही है। यहां तक कि यात्रियों से कोरोना जांच व वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट भी लिया जा रहा है।

सीएमएचओ डॉ. ओ.पी. चाहर ने बताया कि सभी डिस्पेंसरी में कोरोना जांच की किट उपलब्ध है। रेपिड टेस्ट के साथ ही आरटीसीपी जांच के लिए भी किट उपलब्ध है। बड़ी संख्या में लोग स्वयं अपनी जांच नहीं करवा रहे हैं। कोरोना के लक्षण होने के बाद भी रोगी सामान्य बुखार कहकर जांच को टाल रहा है। डॉ. चाहर ने बताया कि जिन लोगों को कोरोना हुआ है, उनमें अधिकांश में ए सिम्टोमेटिक लक्षण है ।

## शेखावाटी में सर्दी ने दिखाए तीखे तेवर

**चूरू, (कासं)।** शेखावाटी में सर्दी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आज यहां शाम ढलने से पहले ही सर्दी ने लोगों को गर्म वस्त्र पहने के लिए मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार आज यहां न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। वर्ष 2020 की बात करें तो आज के दिन यहां न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। इस हिसाब से आज का दिन काफी ठण्डा रहा। पिछली रात्रि को भी लोगों ने रेलवे स्टेशन के पास, कलेक्ट्रेट के निकट, पंखा सर्किल सहित कई स्थानों पर अलाव जलाए गए।

# नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते जोधपुर भोपाल ट्रेन रहेगी निरस्त

**कोटा, (निसं)।** जोधपुर मंडल के मेड़ता रोड़ तथा डेगाना रेलखंड के बीच रेल दोहरीकरण के कारण नॉन इंटरलॉकिंग तथा प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्यो के चलते रेल प्रशासन ने एहतियात के तौर पर कुछ रेलगाड़ियों को निरस्त करने और कुछ रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार पाल ने बताया कि जोधपुर मंडल में मेड़ता रोड़ से डेगाना रेलखंड में रेल दोहरीकरण के कार्य के चलते इंटरलॉकिंग का कार्य प्रगति पर है, इसलिए निम्नलिखित रेलगाड़ियां प्रभावित रहेंगी। गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर से भोपाल की ओर जाने वाली गाड़ी अपने प्रारंभिक स्टेशन से 14 दिसंबर 2021 से लेकर 30 दिसंबर 2021 तक पूरी तरह निरस्त रहेगी। इसके अलावा वापसी में गाड़ी संख्या 14814 भोपाल जोधपुर आगामी 15 दिसंबर 2021 से लेकर 31 दिसंबर 2021 की अवधि में अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22981 कोटा श्रीगंगानगर आगामी 20 दिसंबर से 28 दिसंबर की अवधि में परिवर्तित मार्ग जयपुर रींगस सीकर चूरू बीकानेर परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 22982 श्री गंगानगर से कोटा आगामी 19 दिसंबर से 30 दिसंबर की अवधि में (अपने प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेन) इसी परिवर्तित मार्ग बीकानेर-चूरू-सीकर-रींगस-जयपुर से चलेगी। गाड़ी संख्या 22997झालावाड़ सिटी से श्रीगंगानगर आगामी 19 दिसंबर से 30 दिसंबर की अवधि में तथा वापसी में गाड़ी संख्या 22998 श्री गंगानगर सेझालावाड़ सिटी आगामी 21 दिसंबर से 29 दिसंबर की अवधि में परिवर्तित मार्ग जयपुर रींगस सीकर चूरू बीकानेर से होकर चलेगी।

## चैनपुरा के जंगलों में युवक का शव मिला

**बस्सी, (निसं)।** राजधानी जयपुर के बस्सी थाना इलाके में मंगलवार को एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है । शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। युवक के सिर पर चोट के निशान है। शुरुआती जांच में हत्या का मामला प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। बस्सी थाना पुलिस ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक के सिर पर हमला कर उसकी हत्या की गयी है। मृतक के पास से एक प्रेम पत्र भी बरामद हुआ है। मौके पर एफएसएल की टीम की ओर से भी जांच करवायी गयी है। शुरुआती जांच के बाद मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

## सॉरी मम्मी पापा लिख बीएससी छात्रा ने लगाया फंदा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के दिलीप नगर लालसागर इलाके में बीएससी की एक छात्रा ने अपने चाचा के घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। मरने से पहले छात्रा ने एक सुसाइड भी लिखा है जिसमें सॉरी मम्मी पापा लिखा है। सूचना पर पुलिस ने एफएसएल टीम को भी बुलाया। मृतका नाबालिग बताई जाती है। उसके चाचा की तरफ से मंडोर थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। फिलहाल पुलिस की तरफ से अनुसंधान किया जा रहा है।

मंडोर पुलिस थाने एएसआई परसाराम ने बताया कि लालसागर स्थित दिलीप नगर में 17 साल की किशोरी ने अपने चाचा के घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उसने हाल में ही मंडोर में खुले नए महाविद्यालय में दाखिला लिया था। मरने से पहले उसने एक सुसाइड नोट भी अपने माता पिता के नाम लिखा और मम्मी पापा आईएम सॉरी का जिक्र किया। वह बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। परिजन को घटना का पता लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। इस पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। सुसाइड नोट में किसी अन्य के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया है। पुलिस ने मृतका के चाचा की रिपोर्ट पर मर्ग की कार्रवाई की। शव का एमजीएच में पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतका के मां पिता भीतरी शहर में रहते है।

## दयोदय एक्सप्रेस के यात्री एलएचबी रैक से लेंगे सफर का आनंद

**कोटा, (निसं)।** अजमेर जबलपुर अजमेर से यात्रा करने वाले रेलयात्रियों को आगामी 6 दिसंबर से नई सौगात मिलने जा रही है। अब यह ट्रेन जर्मन तकनीक से निर्मित अत्याधुनिक एलएचबी यानि लिंक हाफमेन बुश रैक के साथ चलाई जाएगी। इन कोचों में रेलयात्रियों का सफर ज्यादा आरामदायक और सुहाना रहेगा।

इस नए अत्याधुनिक कोचों के रैक से चलने पर गाड़ी की संरक्षा, सुरक्षा, गति में उल्लेखनीय सुधार होगा।"। नए एलएचबी कोचों की लंबाई अपेक्षाकृत ज्यादा होती है इसलिए इनमें बर्थ की संख्या भी अधिक होती है। इनमें उच्च गति क्षमता होती है और वजन में हल्के होते हैं।

इन कोचों की एन्टी क्लाइम्बिंग विशेषताएं होती हैं अर्थात अप्रत्याशित दुर्घटनाओं के दौरान ये कोच एक दूसरे पर नहीं चढ़ ते। इससे यात्रियों को नुकसान कम होने की संभावना रहती है। नए डिजाइन में तैयार किये गए यह कोच यात्रा का सुखद एहसास कराते हैं। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है कि अभी कोरोना का संकट टला नहीं है। इसलिए यात्रीगण यात्रा से पूर्व एवं यात्रा के दौरान कोविड-19 से सम्बंधित सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें। हमेशा मास्क पहनकर रखें। स्टेशन एवं ट्रेन में आपस में उचित दूरी बना कर रखें। किसी भी वजह से भीड़भाड़ ना करें, ताकि वायरस के संक्रमण से बचा जा सके।

## उदयपुर में दो संक्रमित मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में दो दिन से लगातार संक्रमितों का मिलना जारी है। सोमवार को एक संक्रमित मिलने के बाद मंगलवार को दो संक्रमित मिले है वहीं जिले में एक्टिव केसेस की संख्या 08 हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 783 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 781 नेगेटिव व दो पॉजीटिव मिले है। इन संक्रमितों में अशोक नगर क्षेत्र का एक 48 वर्षीय पुरूष व वार्ड 31 सेक्टर 4 निवासी एक 70 वर्षीय वृद्धा है। वृद्धा का पति एक दिन पूर्व ही पॉजीटिव मिला था इसी के तहत वृद्धा का सैम्पल लिया गया जिसमें वह भी पॉजीटिव मिली है। दोनों ही संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। जिले में अब तक 56419 संक्रमित मिले है इनमें से 55657 रिकवर हो चुके है। जिले में एक्टिव केस की संख्या 8 हो गई है। सभी एक्टिव केस होम आइसोलेशन में है। अब तक जिले में कोरोना से 754 मृत्यु हुई है।

# राजसमंद में चोरी करने वाली गैंग का खुलासा, 300 से अधिक वारदातें स्वीकारी

## पुलिस ने गैंग व खरीदारों सहित एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया



राजनगर पुलिस ने गैंग के चोरों को गिरफ्तार कर सामान बरामद किया ।

- सभी सदस्य शराब व गांजा के नशे के आदी हैं

**राजसमंद, (निसं)।** शहर सहित जिले भर में खादानों, गैंगसों व फैक्ट्रियों आदि में चोरी, लूट व नकबजनी करने वाली गैंग का बडा खुलसा करते हुए राजनगर पुलिस ने गैंग एवं खरीददारों सहित एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए गैंग के सभी आरोपी सदस्य शराब व गांजा के नशे के आदी है औरा चोरी से प्राप्त पैसों से अय्यासी करते है।

गैंग के सभी सदस्य पहले बंद पडी खान, गैंगसा, फैक्ट्री आदि की रैकी करते तथा रात के समय केबल मोटर तार को जलाकर उसके अंदर से कॉपर को निकालते तथा ज्यादा भंगार होने पर ट्रेक्टर में भरकर ले जाते उसके बाद भंगार की दुकान पर जाकर बेचते थे। वहीं पुलिस द्वारा गिरफ्तार सभी एक दर्जन आरोपियों के रिकोर्ड खंगाले गए तो सभी के खिलाफ उनके थाना क्षेत्र सहित अन्य थानों में चोरी, नकबजनी के करीब 300 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

पुलिस ने पूछताछ के बाद भंगार के गोदमों से मोटरें, ताम्बे के वायर, एल्यूमिनियम प्लेटें आदि भी बरामद की गई हैं। राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह ने बताया कि गत 16 अक्टूबर को रफीक मोहम्मद निवासी राजनगर ने राजनगर थाने में मोटर बाईडिंग की दुकान की दीवार तोडकर चोरी करने की जानकारी दी थी । पुलिस टीम ने थाना सर्कल में जगह-जगह दबिश देकर हर जगहों के सीसी टीवी फुटेज खंगाले तथा हाथ लगे सुरागों के आधार पर चोरी, लूट व नकबजनी करने वाली गैंग के करीब एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों द्वारा बाताए अनुसार भंगार गोदामों से मोटरें, तांबे के बायर, एल्यूमिनियम प्लेटें बरामद कर चोरी का माल खरीदने वालों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा और भी कई मामले के सामने आने की संभावना है।

## कचरा डालने को लेकर दो परिवारों में हुई फायरिंग

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर के राजेंद्र नगर में मंगलवार को दो पड़ोसियों के बीच नाली व कचरा डालने को लेकर फायरिंग हो गई । इस फायरिंग से पहले फायरिंग करने वाले युवकों ने पड़ोस में रहने वाले बच्चे से मारपीट कर उसकी कनपटी पर तमंचा लगा दिया था। इतना ही नही उन्होंने पड़ोसी के घर के बाहर गालियां देते गेट पर खड़े पड़ोसी की पत्नी और बच्चे के ऊपर फायरिंग कर दी। वो तो किस्मत अच्छी थी कि वे बाल-बाल बच गए। वकील गजराज सिंह ने बताया की उनके सामने राजेंद्र सिंह का मकान है। उनसे सड़क पर कचरा डालने को लेकर कई महीनों से विवाद चल रहा है। राजेंद्र के परिवार ने 4 जून को गजराज सिंह के परिवार पर हमला भी किया था। इसमें उनकी मां और उनसे मारपीट की गई थी।

बताया गया कि आज गजराज सिंह का बेटा स्कूल से पढ़ कर अपने घर आ रहा था, तभी राजेंद्र सिंह के बेटे अभिलाष ने उसे रास्ते में अपने दोस्तों के साथ पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। उसके कनपटी पर कट्टा लगाकर उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। उनका बेटा सीधा घर आ गया। कुछ देर बाद अभिलाष अपने दोस्तों के साथ उनके घर पहुंच गया। इसी बीच अभिलाष के एक साथी ने कट्टा निकालकर गजराज सिंह के परिवार के ऊपर फायरिंग कर दी।